मूल्यः एक रूपया

कामधेनु स्टील

# इस्पात संदेश

Email: kamdhenu@kamdhenulimited.com, Website: www.kamdhenulimited.com, www.colourdreamz.com www.facebook.com/kamdhenulimited

आई एस ओ 9001–2000 सम्मानित कंपनी कामधेनु लिमिटेड की गृह पत्रिका, वर्ष–16, अंक–04, अप्रैल 2016

किसी भी तरह की व्यापारिक जानकारी हेतु टोल फ्री कामधेनु हेल्प लाइन – 1800 1800 545

## पंजाब की वार्षिक डीलर मीट "जोश है तो जीत है"



भारत की नं.1 टीएमटी निर्माता कंपनी कामधेनु लिमिटेड द्वारा स्टील व आयरन सेग्मेंट में नए इतिहास बनाने का सिलसिला जारी है। अविष्कारी तकनीक और विश्वस्तरीय गुणवत्ता के लिए प्रतिष्ठित कामधेनु भारतीय निर्माण क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव लाने के अपने क्रांतिकारी योगदान के लिए सराहा जाता रहा है। यही नहीं, कंपनी सामाजिक बदलाव लाने के अपने सतत् प्रयासों के लिए भी जानी जाती है।

16–17 अप्रैल को जीरकपुर के होटल पार्क प्लाजा में कामधेनु टीएमटी द्वारा आयोजित वार्षिक मीट में कंपनी की सर्विस को और मजबूत करने की बात पर चर्चा हुई, साथ ही कंपनी की हर विशेषता को हर नुक्कड व मोहल्ले में उपलब्ध कराने और मजबूत करने की बात पर चर्चा हुई, जिससे ग्राहकों को बेहतर गुणवत्ता वाले उत्पाद मुहैया कराया जा सकें। इस सफल मीट में कंपनी की मार्केटिंग स्ट्रेटेजी को किस तरह और बेहतर कर सकें, की विषय पर भी बातें हुई।

पंजाब के डीलरों व डिस्ट्रीब्यूटर्स के वार्षिक सम्मेलन में कामधेनु लिमिटेड के निदेशक श्री सुनील अग्रवाल, सीनियर जी.एम., श्री विनोद गहलोत, एजीएम बिज़नेस डेवलेपमेंट, श्री विवेक माहेश्वरी, एजीएम ब्राण्ड प्रमोशन श्री अमित सोनी के अलावा श्री रमेश गोयल, निदेशक रसिक इण्डट्रीज़ तथा श्री विजय बंसल, निदेशक बंसल इस्पात उद्योग ने भाग लिया। वार्षिक डीलर मीटर को सम्बोधित करते हुए कामधेनु लिमिटेड के निदेशक, श्री सुनील अग्रवाल ने कहा कि 'जोश है तो जीत है' यह सलोगन कंपनी की उपलब्धता को राज्य में




दर्शाता है। डीलर व वितरकों के लगन, दृढ़ संकल्प की वजह से मार्केट में कंपनी की अच्छी पहचान है। और ऐसे ही हम आगे और मजबूती के साथ बढ़ते जाएंगे। श्री सुनील अग्रवाल ने आगे कहा, 'उत्पादों की गुणवत्ता को लगातार बेहतर करते हुए भारतीय बाजार में विश्वस्तरीय निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने के अपने दो दशकों के सफ़र में कामधेनु की प्रतिष्ठा लगातार बढ़ती रही है। हमारी गुणवत्ता हमारी पहचान है और करोड़ों उपभोक्ताओं के भरोसे की वजह भी। वार्षिक डीलर मीट के जरिए कंपनी अपने चैनल पाटनर्स से मिलकर, सलाह–मशवरा करती रहती है, इससे कंपनी के बाज़ार प्रदर्शन को और बेहतर करने में मदद मिलती है।'

इस समारोह में पंजाब के 300 से अधिक डीलर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स शामिल हुए। डीलर्स की कड़ी मेहनत की वजह से कई वर्षों से लगातार कामधेनु समूह नई ऊंचाइयों तक पहुंचता जा रहा है। कामधेनु समूह अपने सभी डीलर्स को धन्यवाद देता है। इस तरह के समारोह में सभी के शामिल होने से यह कंपनी की ताकत को दर्शाता है जिसकी वजह से कंपनी को आगे बढ़ने में मदद मिलती है।

इस मीट के दौरान अधिकारियों कामधेनु के नए उत्पादों के बारे में जानकारी देते हुए इनसे जुड़ी बाज़ार संभावनाओं के विषय में बताया। साथ ही रुफिंग शीट्स के लगातार बढ़ रहे बाज़ार का लाभ लेते हुए 'कलरमैक्स' की बाज़ार हिस्सेदारी को अधिक से अधिक बढ़ाने पर ज़ोर दिया। आने वाले दो सालों में कंपनी मार्केट को डबल करने की दिशा में रणनिति बनायी गयी। समारोह के दौरान डीलर्स को उनके परफोर्मेंस के हिसाब से अवार्ड देकर सम्मानित किया गया।

कामधेनु के अधिकारियों तथा डीसर्स एवं डिस्ट्रीब्यूटर्स के लिये विश्वप्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर श्री पी एस राठौड के एक विशेष सत्र का भी आयोजन किया गया। जिसने कामधेनु के अधिकारियों एवं अन्य को नई ऊर्जा से भर दिया।



# भारत ग्लोबल इकोनॉमी का चमकता सितारा

बिगड़े आर्थिक हालात होने के बावजूद तेज़ी से दौड़ रहा भारत ग्लोबल इकोनॉमी में चमकता सितारा है यह बातें रिसर्व बैंक ऑफ इंडिया के गर्वनर रघुराम राजन ने कही। श्री राजन की अगुवाई में रिजर्व बैंक को इस बात का श्रेय दिया जाता है कि उन्होने देश की वित्तीय प्रणाली को बाहरी झटकों से बचाने के लिए उचित क़दम उठाए हैं। डाइ जोंस एंड कम्पनी की सब्सिडियरी मार्केट वॉच के साथ साक्षात्कार में श्री राजन ने कहा हालात पहले से बहुत बेहतर हो रहे है, पहले से ज़्यादा निवेश हो रहे है। हमारे यहाँ व्यापक स्तर पर काफी स्थिरता है। रघुराम राजन को भारतीय व ग्लोबल अर्थव्यवस्था पर खुल कर राय रखने के लिए जाना जाता है आगे उन्होने कहा भारत में तमाम अच्छी बातें हुई हैं उन में सबसे बड़ी उपलिब्धी मंहगाई दर का 11 फीसदी से घटकर 5 फीसदी से नीचे आना है ! इससे ब्याज दरों में कमी आई है। वर्तमान में भारतीय अर्थव्यस्था की स्थिति काफी उत्साह जनक है।

# इस साल मॉनसून होगा मेहरबान



सूखे की ख़बरो के बीच मौसम विभाग ने एक राहत भरी सूचना दी है। मौसम विभाग के अनुसार इस साल मॉनसुन समान्य से बेहतर रहेगा। यानि इस वर्ष बारिश अच्छी होगी। इस साल मॉनसून 104 से 110 प्रतिशत तक रहने की बात कही गई है। मराठवाड़ा, विदर्भ और बुदेंलखंड सहित देश के कई इलाक़े ऐसे हैं जहाँ सूखे के हालात है। इस ख़बर से उम्मीद बंधी है कि वहाँ के हालात भी सुधरेंगे। मौसम विभाग के महानिदेशक लक्ष्मण सिंह राठौड ने कहा 'मॉनसून दीर्घवाधिक औसत अवधि का 106 प्रतिशत रहेगा'। मौसम विज्ञान में 106 प्रतिशत को बारिश के लिहाज से बहुत अच्छा माना जाता है। श्री राठौड ने कहा इस साल पूरे भारत में अच्छी बारिश के आसार है।

# प्रधानमंत्री का सउदी अरब दौरा



बीजेपी सरकार जिस तरीके से भारत की कूटनीति को नई दिशा देने की कोशिश में जुटी है, उसे देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सऊदी अरब की यात्रा एक बेहद अहम कड़ी है। मोदी 02 अप्रैल को दो दिवसीय यात्रा पर रियाद मे किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज से मिले। किंग सलमान बिन अब्दुल अजीज ने मोदी का ज़ोरदार स्वागत किया । सऊदी अरब की यात्रा ऊर्जा सुरक्षा के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। सऊदी अरब हाल के वर्षो में राजनीतिक व आर्थिक तौर पर सबसे चुनौतीपूर्ण हालात से गुज़र रहा है, मोदी की इस यात्रा से परस्पर सहयोग के नए रास्तें खुलने की उम्मीद है। पश्चिमी एशिया के विभिन्न देशों में 80 लाख भारतीय रहते है जो हर वर्ष अरबों डॉलर की राशि स्वदेश भेजते है अगर इन देशों में तनाव गहराता है तो भारतीय अर्थव्यवस्था पर बुरा प्रभाव पड़ सकता है। इसलिए सऊदी अरब, ईरान, और इजराइल के बीच सामंजस्य बिठाना मोदी की कूटनीतिक सफलता मानी जाएगी। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की 2010 की सऊदी अरब यात्रा के दौरान की गई घोषणा आगे नहीं बढ़ सकी थी। उन घोषणाओं को आगे बढ़ाने पर भी बात हुई।




# सजावटी पेंट सेंग्मेंट में नए इतिहास बनाने का सिलसिला जारी

सजावटी क्षेत्र में भारत की शीर्ष रैंकिंग पेंट कंपनियों में से एक, कामधेनु पेंट्स ने देश के पेंट बाज़ार में अच्छी बढ़ोतरी हासिल की है और लगातार अपनी स्थिति को सुदृढ़ रखे हुए है। सजावटी क्षेत्र में देश की सबसे तेज़ी से बढ़ती पेंट कंपनी के रूप में, कामधेनु पेंट्स लगातार अपने बेस और पोर्टफोलियो का और विस्तार कर रही है। नई पीढ़ी के उपभोक्ताओं के बीच, कामधेनु पेंट गुणवत्ता, विश्वास और विकल्प का नाम है।

आज पेंट कारोबार के स्टेकहोल्डर्स जैसे इंटीरियर डिज़ाइर्स, बिल्डर्स व घर के मालिकों के बीच कंपनी अच्छी पहचान बना चुका है। बेहतरीन फिनिशिंग, टिकाऊ और सुविधाजनक कामधेनु पेंट्स उत्पाद रेंज की, सिफारिश लोग बड़ी संख्या में कर रहे हैं। पूरे उत्तर भारत में कामधेनु पेंट्स उत्पाद की बढ़ती लोकप्रियता के साथ ही कंपनी ने भारत के पूर्व क्षेत्रों के शहर जैसे पश्चिम बंगाल और ओडिशा में भी अच्छी पकड़ बना ली है।

19 फरवरी 2016 को ओडिशा के होटल ब्लू लीली, पुरी में राज्य के लगभग सभी 200 पेंट डीलरों के साथ, राज्य के बाज़ार में अच्छी पकड़ बनाने की उपलक्ष में मीट का आयोजन किया गया, साथ ही नई रेंज की वुड कोटिंग जैसे कैमोवुड वॉटर प्रूफिंग, कैमोडंपगार्ड को इस समारोह के दौरान पेश किया गया।

कामधेनु पेंट्स के नेशनल मार्केटिंग हेड श्री राजकुमार श्रीवास्तव के साथ डीएसएम श्रीकांत मोहंती, मैनेजर, ब्रांड प्रमोशन श्री लवजीत सिंह, ओडिशा डिपो के सीएफए, एएसएम, श्री दूसमंता कुमार होटा, एसएसओ श्री ब्रहमानंद मिश्रा, श्री विश्वजीत पाणिग्रही, एसओ श्री संतोष कुमार साहु, श्री सुधांशु शेखर स्वैन सहित कई अन्य अधिकारियों ने भी इस समारोह में भाग लिया।

नए उत्पादों की रेंज को पेश करते हुए श्री राजकुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि, 'फर्नीचर, रसोई और फर्श पर अगर कैमोवुड कोटिंग किया जाए तो घर नया सा बना रहता है और धूल जैसी परेशानियों को दूर करता है। कामधेनु का दूसरा नया उत्पाद कैमोडेम्पगार्ड उत्कृष्ट वॉटर प्रूफिंग रसायनों से बना है जो सीलन को पूरी तरह से नियंत्रित करता है। साथ ही इसमें मौजूद प्रभावी वॉटर प्रूफिंग एजेंट पुरानी इमारतों के रखरखाव के लिए भी बेहतरीन समाधान देता है। कामधेनु पेंटस उत्पादों के रेंज में इन उत्पादों के शामिल किए जाने के बाद कंपनी की उत्पाद श्रृंखला को उचित विस्तार मिला है और 100% पेंट समाधान कंपनी के रूप में हमारी छवि मज़बूत हुई है।'

कामधेनु समूह एवं उनके उत्पादों की जानकारी साझा करने के अलावा, इस समारोह में ओडिशा के डीलर्स को उनके शानदार प्रर्दशन के लिए अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। उड़ीसा में कामधेनु की बढ़ती उपस्थिति व योगदान के लिए डीलर्स मेसर्स मां श्री घंटेश्वरी इंडस्ट्रीज, मेसर्स भगबती आयरन स्टोर, मेसर्स श्री महावीर हार्डवेयर स्टोर, मेसर्स कलिंग जनरल स्टोर, मेसर्स पेंट हाउस और मेसर्स आशा ट्रेड प्वाइंट को सम्मानित किया गया। इस समारोह के दौरान लक्ष्य का बादशाह–4 स्कीम का शुभारंभ किया गया, इसका तीसरा संस्करण पिछले साल नवंबर में लांच किया गया था।




RNI. No.: DELHIN/2000/4124, Postal Regn. No. DL (E)-01/5006/2015-17
Production Date: 26.04.2016



# हिमाचल डीलर्स ने सफलता का जश्न ज़ीरकपुर में मनाया







इस सफल आयोजन में श्री सुनील अग्रवाल निदेशक, कामधेनु लिमिटेड के साथ श्री राकेश मिसरी जी एम, श्री विवेक महेश्वरी एजीएम, बिजनेस डेवेलॉपमेंट, और श्री अमित सोनी एजीएम ब्रांड प्रमोशन उपस्थित थे। यूजर लाइसेंस एग्रीमेंट के तहत कामधेनु टीएमटी के निर्माण कंपनियों का प्रतिनिधित्व मेसर्स हिम एलोय एण्ड स्टील प्रा. लि. के निदेशक श्री अजय अग्रवाल, श्री अशोक राजा, श्री अभिषेक राजा और मेसर्स रेडिएंट कास्टिंग के निदेशक श्री अनुज गुप्ता ने की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हमीरपुर के सांसद और बीसीसीआई के सचिव अनुराग ठाकुर उपस्थित थे, श्री ठाकुर ने कामधेनु टीम को दुबई और बैंकोक में बेस्ट ब्रांड का अवार्ड दिए जाने पर खुशी ज़ाहिर की, आगे उन्होने कहा वैश्विक मंच पर सर्वश्रेष्ठ साबित होना बहुत बड़ी उपलब्धि है इसके लिए आप सब बधाई के पात्र हैं। ना सिर्फ कामधेनु के लिए यह क्षण विशेष है बल्कि यह भारत के लिए भी खुशी का मौका है। आगे उन्होने कहा कामधेनु टीएमटी रिबार अपने मज़बूत उत्पाद के ज़रिए भारत के नींव को मज़बूती प्रदान कर देश के विकास में योगदान दे रहे हैं। मेरी शुभकामनाएं कामधेनु परिवार के साथ है।

इसके पश्चात कामधेनु लिमिटेड के निर्देशक श्री सुनील अग्रवाल ने पिछले साल भर के बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी डीलरों को बधाई दी और साथ ही कहा आपकी सफलता ने हम सब को बहुत प्रभावित किया है, आशा करते है भविष्य में यह सफलता हम सब मिलकर बार–बार दोहरायेंगे। अपनी बात को आगे बढ़ाते हुए श्री अग्रवाल ने भारतीय उपमहाद्वीप में भूकंप के संदर्भ में कहा



कामधेनु भारत का सबसे ज़्यादा बिकने वाला टीएमटी ब्रांड है जो अपनी बेजोड़ गुणवत्ता और अविष्कारी तकनीक के लिए जाना जाता है। पिछले कुछ वर्षो में टीएमटी रिबार के क्षेत्र मे कामधेनु अपने प्रतियोगी उत्पादों को पछाड़ते हुए सबसे ऊंचे पायदान पर विराजमान हो चुका है। कामधेनु अपने अत्याधुनिक उत्पादों के लिए पूरे भारत में जाना जाता है।

हिमाचल प्रदेश एक भूकंप प्रभावित राज्य है इस लिहाज़ से कामधेनु टीएमटी रिबार की महत्ता यहाँ और बढ़ जाती है। हिमाचल के बड़े तबके के अलावा रिटेल ग्राहक और बिल्डरों ने भी सुरक्षा के दृष्टिकोण से इसे सर्वश्रेष्ठ बताया है। हिमाचल प्रदेश की विपणन ईकाई और राज्य के सभी चैनल पार्टनर के कुशल रणनीति एव मदद के कारण ही कामधेनु टीएमटी बाज़ार में अपने शेयर को लगातार बढ़ा रही है। ना सिर्फ कामधेनु टीएमटी बल्कि कलर कोटेट शीट्स को भी हिमाचल के लोगो ने हाथों हाथ लिया है।

कामधेनु टीएमटी रिबार की कामयाबी का प्रमाण सफल वित वर्ष के रूप में सामने आया है जहाँ उत्पाद बिक्री में बहुत वृद्धि देखी गई है, इसी उत्साही परिणाम का जश्न मनाने व भविष्य में और बेहतर रणनीति की चर्चा के लिए हिमाचल प्रदेश डीलर मीट का आयोजन किया गया, यह आयोजन 12 एव 13 मार्च को होटेल पार्क प्लाजा, ज़ीरकपुर में किया गया। इस आयोजन में हिमाचल के सभी डिस्ट्रीब्यूटर और डीलर उपस्थित हुए, जिनकी संख्या लगभग 250 थी।

मानव जीवन एव उनकी संपति की सुरक्षा देश की अग्रणी कम्पनी कामधेनु की पहली वरीयता है। श्री अग्रवाल ने कहा हिमाचल प्रदेश भूकंप की दृष्टि से एक संवेदनशील राज्य है इसलिए आप सभी को पहाड़ी और तलहटी क्षेत्रों में कामधेनु टीएमटी रिबार की विशेषता को और लोगों तक भी पहुंचाना होगा ताकि लोग साधारण सरिया लेने से बचें, साधारण सरिया लोगों की जान–माल के लिए बेहद ख़तरनाक है।

दो दिवसीय आयोजन के दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए डीलर्स को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया साथ ही कई मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन हुआ।

**बेस्ट सपोर्टिंग डीलर ऑफ द मंथ**

सुजीत
**मेसर्स गंगोत्री स्टील ट्रेडर्स**
911/1 व 2, दसप्पा कॉम्पलैक्स,
टुमकुर रोड, टी. दसाराहल्ली,
बैंगलौर–57
फोन: 09845049886,
9886727666

राजीव कुमार बंसल
**मेसर्स बंसल कलर्स प्रा. लि.**
बी–20, ज्योति कालोनी, टी,
टिम्बर मार्किट, लोनी रोड
शाहदरा, दिल्ली–110032
फोन: 09312660045

सनी गर्ग
**मेसर्स गणेश ट्रेडर्स**
शॉप नं–2, बामा कॉम्पलैक्स
सैक्टर–1, परवानू, तहसील – कसौली
जिला – सोलन
फोन: 01792–233486

Printed at Chandu Press, D-97, Shakarpur, Delhi-110 092

Owned by KIL, L-311, Street No. 7, Mahipalpur Ext., New Delhi - 110037, Ph. 65493417, Published, Printed and Edited by Prashant Kumar, News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi 110092 and published from News Communications, 106-Sadbhawana, 13 I.P. Extn., Delhi - 110092, Tel: 011- 22726433, Fax: 011-22726450, Email: news1@vsnl.com